RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 02 जुलाई 2023 | वर्ष 05 | अंक 70 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## महाराष्ट्र के बुलढाणा में एक्सीडेंट के बाद बस में लगी आग... 26 यात्रियों की जलकर मौत



## सीएम शिंदे ने किया राहत राशि का ऐलान!

मुंबई : महाराष्ट्र के बुलढाणा में एक भयंकर हादसा हुआ है. एक बस में आग लगने से 26 लोगों की जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गई है. ये बस एक शादी के लिए जा रही थी. बारिश के कारण बस फिसल गई. जिसके कारण बस का डीजल टैंक फट गया और आग लग गई. इस हादसे में 26 लोगों की जलने से मौत हो गई. जबंकि 8 लोग बुरी तरह से घायल हैं. बताया जा रहा है कि समृद्धि महामार्ग पर अब तक का यह सबसे बड़ा हादसा है.

ये सड़क हादसा बुलढाणा के देउलगांव खोंड गांव के पास हुआ. इस बस में 30 यात्री सवार थे. बुलढाणा के एडीएम ने बताया कि बुलढाना बस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है.

बताया जा रहा है कि ये बस नागपुर से पुणे जा रही थी. तभी बुलढाणा के पास यह बड़ा हादसा हुआ. बुलढाणा के डिप्टी एसपी बाबूराव महामुनि ने बताया कि बुलढाना में समृद्धि महामार्ग एक्सप्रेसवे पर 32 यात्रियों को ले जा रही एक बस में आग लगने से कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए. घायलों को बुलढाणा सिविल अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है. ये घटना शनिवार तड़के करीब 2 बजे हुई. बताया गया कि हादसे के समय सभी यात्री सो रहे थे. नींद में होने के कारण और बस में अचानक आग लगने की कारण लोग बस से बाहर नहीं निकल पाए और 26 लोगों की जलकर मौत हो गई.

**सभी शवों के डीएनए सैंपल की होगी जांच**

बुलढाणा में एक बस हादसे में 26 लोगो के जिंदा जलने की वजह से उनकी पहचान होना काफी मुश्किल है. इसके लिए सभी 26 शवों का डीएनए सैंपल लेकर जांच की जाएगी.

### सीएम शिंदे ने किया राहत का ऐलान

**मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुलढाणा जिले के सिंदखेड़ाराजा के पास समृद्धि राजमार्ग पर एक निजी बस की भीषण दुर्घटना पर गहरा दुख जताया है. सीएम शिंदे ने मुख्यमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की है. उन्होंने इस भीषण दुर्घटना की जांच के आदेश दिए हैं. हादसे की जानकारी मिलते ही सीएम एकनाथ शिंदे ने बुलढाणा के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से फोन पर संपर्क किया और घटना की जानकारी ली. शिंदे ने दुर्घटना के पीड़ितों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए घायलों को सरकारी खर्च पर तत्काल इलाज उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया.**

## उद्धव ठाकरे को एक और झटका!

### शिंदे गुट में शामिल हुए राहुल कनाल



**महाराष्ट्र** : महाराष्ट्र में शिवसेना उद्धव ठाकरे एक बड़ा क्षत्रप राहुल कनाल पार्टी छोड़कर सीएम एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हो गया। जहां सीएम एकनाथ शिंदे ने स्वयं राहुल कनाल का पार्टी में स्वागत किया। राहुल कनाल, उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे के बेहद करीबी माने जाते हैं। बताया जा रहा है कि आदित्य के चचेरे भाई वरुण सरदेसाई और पार्टी के वरिष्ठ नेता अनिल परब से राहुल कनाल का मतभेद चल रहा था। जिस वजह से पहले उन्होंने युवा सेना का वॉट्सऐप कोर ग्रुप छोड़ा। और अब पार्टी को भी छोड़ दिया। राहुल कनाल युवा सेना की कोर कमेटी के सदस्य थे। उन्होंने बीएमसी की शिक्षा समिति के सदस्य के रूप में भी काम किया है। वह आई लव मुंबई फाउंडेशन के अध्यक्ष भी हैं। राहुल कनाल का पार्टी छोड़कर जान आदित्य ठाकरे के लिए व्यक्तिगत झटका है।

## सोशल मीडिया से पुलिस ने लगाया बुजुर्ग का पता

### सड़क पर खून से लथपथ मिले थे बुजुर्ग



**मुंबई :** विक्रोली हायवे पर हुए एक सड़क दुर्घटना के बाद मृतक के परिजनों को पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से ढूंढ निकाला। मामला विक्रोली पुलिस थाने से जुड़ा है, जहां पुलिस को शव मिलने के बाद पहले एडीआर दर्ज किया गया। लेकिन शव की पहचान होने के बाद मामले में बेटे की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ गैरइरादतन हत्या करने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से उस गाड़ी की तलाश कर रही है जिसने बुजुर्ग को ठोकर मारा और भाग गया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक विक्रोली ट्रैफिक कर्मी को बुजुर्ग व्यक्ति खून से लथपथ सड़क पर पड़ा था। उन्होंने बुजुर्ग व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने जांच कर मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद घटना की जानकारी विक्रोली पुलिस को दी गई। विक्रोली पुलिस थाने के सब इंस्पेक्टर संतोष कोली मौके पर पहुंचे और मामले में एडीआर दर्ज किया। इसके बाद पुलिस थाने में कार्यरत कर्मचारी दत्तात्रेय बारी ने सोशल मीडिया नेटवर्क से बुजुर्ग का फोटो वायरल किया। यह फोटो उनके रिश्तेदार के पास पहुंचा जहां से बुजुर्ग की पहचान नामदेव साल्वे (81) के रूप में हुई।

## दो घंटे में गायब हो जायेंगे मुंबई की सड़कों के गड्ढे

### बीएमसी पहली बार अपनाएगी यह तकनीक...



**मुंबई:** बारिश के दौरान सड़कों पर बने गड्ढों की शिकायतों से परेशान बीएमसी गड्ढों को भरने के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करेगी। बीएमसी पहली बार मुंबई में रिएक्टिव अस्फाल्ट का इस्तेमाल कर सड़कों पर गड्ढों को भरेगी। खास बात यह है कि गड्ढे भरने के लिए रिएक्टिव अस्फाल्ट का इस्तेमाल पानी के साथ किया जाएगा। इस तकनीक से गड्ढे भरने के 2 घंटे बाद ही सड़कों को आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा। इसका इस्तेमाल एच ईस्ट वॉर्ड के अंतर्गत खार सब-वे में किया गया है। बीएमसी के उपायुक्त उल्हास महाले ने बताया कि इस तकनीक का इस्तेमाल पहली बार मुंबई में किया जाएगा। सड़कों के गड्ढे भरने के लिए सभी संबंधित विभागों को जिम्मेदारी दी गई है। इससे नागरिकों को ज्यादा परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। कांग्रेस ने बीएमसी द्वारा गड्ढे भरने के लिए नई तकनीक के इस्तेमाल पर सवाल उठाए हैं। बीएमसी में नेता विपक्ष रवि राजा ने कहा कि अतिरिक्त आयुक्त हर साल गड्ढे भरने के लिए नई तकनीक लाते हैं और नए-नए प्रयोग करते हैं। इसके बावजूद सड़कों पर गड्ढों की भरमार रही है। इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा?

बीएमसी के अतिरिक्त आयुक्त (प्रॉजेक्ट) पी. वेलरासू ने बताया कि बारिश में सड़कों पर बने गड्ढों को भरने के लिए पहली बार रिएक्टिव अस्फाल्ट का उपयोग किया जा रहा है।

## कुर्ला इलाके में कई गोदामों में लगी भीषण आग



**मुंबई :** मुंबई के कुर्ला इलाके में कई गोदामों में भीषण आग लग गई। फायर ब्रिगेड की छह गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं और आग पर काबू पाने में जुटी हुई हैं। हालांकि, इस घटना में किसी के भी हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। इस मामले में अधिक जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। मालूम हो कि कुछ ही माह पहले कुर्ला वेस्ट इलाके में एक गोदाम में भीषण आग लग गई थी। उस दौरान आग इतनी भीषण थी की इसकी चपेट में तीन से चार गोदाम आ गए।

दैनिक रोकठोक लेखनी खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : रविवार 02 जुलाई 2023


## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### शिक्षा की महत्ता

दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष के समापन समारोह में पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह सही कहा कि देश में शिक्षा से ही खुशहाली और समृद्धि आएगी। इससे हर कोई परिचित है कि दुनिया के जिन भी देशों ने उल्लेखनीय प्रगति की है, उनका आधार उनकी उन्नत शिक्षा व्यवस्था रही है। नि:संदेह अपने देश में शिक्षा की महत्ता को प्रारंभ से ही समझा गया और समय-समय पर शिक्षा व्यवस्था में यथोचित सुधार भी किए गए, लेकिन अभी काफी कुछ किया जाना शेष है। यह काम प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक किया जाना है। भले ही नई शिक्षा नीति लागू हो गई हो, लेकिन उसके क्रियान्वयन की गति संतोषजनक नहीं। यह समय की मांग है कि नई शिक्षा नीति पर तेजी से अमल किया जाए। इसी के साथ पाठ्यक्रम बदलने के काम को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए, क्योंकि इस मोर्चे पर अभी कुछ विशेष नहीं हुआ है। इसका कोई औचित्य नहीं कि छात्रों को वह पढ़ाया जाए, जो उनके जीवन में काम न आए या फिर जो उन्हें अनुशासित और एक जिम्मेदार नागरिक बनाने का कार्य सही तरह से न करे। शिक्षा के क्षेत्र में सरकार को अपनी उपलब्धियां गिनाने के साथ यह भी ध्यान रखना चाहिए कि बदलते वक्त के साथ तालमेल बैठाने की आवश्यकता है, क्योंकि दुनिया बहुत तेजी से बदल रही है।

जैसी नई-नई तकनीक आ रही हैं, वे इस आवश्यकता को ही रेखांकित कर रही हैं कि शिक्षा व्यवस्था में तेजी से परिवर्तन होने चाहिए। इस काम को इसलिए युद्धस्तर पर किया जाना चाहिए, क्योंकि यह देखने में आ रहा है कि हमारे तमाम डिग्री कालेज ऐसे युवाओं की फौज तैयार कर रहे हैं, जो देश की जरूरत को पूरा कर पाने में सक्षम नहीं। कई औद्योगिक संगठन यह चुके हैं कि उन्हें उनकी आवश्यकता के अनुरूप युवा नहीं मिल रहे हैं। शिक्षा संस्थानों से निकले युवा डिग्रियों से तो लैस हो जाते हैं, लेकिन किसी कौशल में दक्ष में नहीं होते। यह ठीक नहीं। कौशल विकास कार्यक्रम चलाने के साथ इस पर भी ध्यान दिया जाए कि छात्र शिक्षा संस्थानों से ही हुनर पाकर निकलें। जब शिक्षा नीति पर अमल की कोशिश की जा रही है, तब कई विश्वविद्यालय तीन साल का पाठ्यक्रम चार-पांच साल में पूरा कर पा रहे हैं। यह भी किसी से छिपा नहीं कि किस तरह कुलपतियों और शिक्षकों की नियुक्तियों में अनावश्यक देरी हो रही है। हमारे नीति-नियंता इस तथ्य से भी मुंह नहीं मोड़ सकते कि शिक्षा में तमाम सुधार के बाद भी एक बड़ी संख्या में छात्र विदेशी शिक्षा संस्थानों में शिक्षा ग्रहण करने के लिए बाध्य हैं। इसका कारण देश में गुणवत्ता वाले शिक्षा संस्थानों की कमी है। यह स्थिति तब है, जब हाल के समय में बड़ी संख्या में निजी शिक्षा संस्थान खुले हैं। वास्तव में निजी शिक्षा संस्थानों का सही तरह नियमन भी समय की मांग है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# 1942 में ग्वालियर में प्रथम आजादी के संघर्ष के रूप में फहराया गया तिरंगा।

**ग्वालियर मध्य प्रदेश :** ग्वालियर विभिन्न कलाओं का शहर है विशेषकर गायन के क्षेत्र में। ग्वालियर के इतिहास में एक ऐसे महान क्रांतिकारी ग्वालियर में जन्मे जिनका नाम में रामचंद्र मोरेश्वर करकेरी जी (उपाख्य वकील साहब) था। करकरे जी के चरित्र पर अनेकों डॉक्यूमेंट्री बनी है करकरे जी आज के युग के लिए प्रेरणा का स्रोत है करकेरी जी को ''शिरोमणि अधिवक्ता'' शीर्षक से नवाजा गया था, आपने चंद्र शेखर आजाद से गुप्त भैंट की थी, एवं बाद में बम भी बनाएं। ग्वालियर राष्ट्रोत्थान न्यास के विवेकानंद सभागार में शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने सुविख्यात स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गवासी रामचंद्र मोरेश्वर करकरे जी की को नमन किया एवं उनकी इस 115 वी जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**विचारधारा बड़ी है, उम्र नहीं :** चंद्र शेखर आजाद के पोत्रो अमित आजाद ने कहा हम यहां जयंती क्यों मना रहे हैं इसके पीछे क्या कारण है इसके पीछे वही कारण है जो भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद के मन में था ''स्वतंत्रता''। आज यह स्वतंत्रता अरबों लोगों के बलिदान का परिणाम है भारत एकमात्र ऐसा देश है जिसकी संस्कृति अरबों साल पुरानी संस्कृति है चंद्र शेखर आजाद ने अंग्रेजों से कह दिया था कि यह मैं फांसी पर लटकोग और वहां मेरी विचारधारा अमर हो जाएगी। इस आयोजन में गणमान्य अतिथियों के रूप में मेजर ध्यान चंद्र के पुत्र ''अशोक ध्यान चंद्र'', चंद्रशेखर आजाद के पोत्र अमित आजाद तिवारी, सहारा हॉस्पिटल के संचालक डॉ ए.एस. भल्ला, रेडियन विद्यालय के संचालक श्री विजय गुप्ता, संगीत एवं कला विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री राकेश कुशवाह, दैनिक समाचार पत्र नईदुनिया के संपादक श्री वीरेंद्र तिवारी, गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय के पूर्व अधिष्ठाता डॉ.भारत जैन, एल.एन.आई. पी. के वित्त अधिकारी श्री उमाशंकर कुलश्रेष्ठ, महात्मा गांधी कॉलेज ऑफ लॉ के चेयरमैन श्री यशपाल सिंह तोमर विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में रामचंद्र करकरे जी के पुत्र डॉ ईश्वर चंद्र करकरे एवं पोत्र नीलेश करकरे, आयोजन में भारत तिब्बत सहयोग मंच की प्रांत अध्यक्ष मोनिका जैन एडवोकेट , एवं प्रदेश महामंत्री अर्जुन अग्रवाल सम्मिलित हुई।




**रामचंद्र करकरे संगीत सम्मान 2023:**
वरिष्ठ शास्त्रीय गायकद्वय पंडित मार्तण्डबुआ जोशी ।
पंडित प्रभाकर गोहदकर।
विजय पराडि(सहयोग सम्मान)
मोहन योगी (सहयोग सम्मान)

**झलकियां:**
पंडित गोहदकर जी ने अपने गायन में राग देश, राग खम्बावती, रागनी नारायणी, राग विजय नगरी में पुरानी बन्दिशें प्रस्तुत की। श्री हेमंत कोल्हाटकर एवं नवोदिता गायक कलाकार ने प्रस्तुति दी। रामचरित रामचंद्र मोरेश्वर करकरे की कृत देशभक्ति पूर्ण हिंदी कविता ''जननी'' का सस्वर काव्य पाठ प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री चंद्र प्रताप सिकरवार एवं श्री कृष्ण कुमार पांडेय ने किया आभार मंजू लता आर्य ने किया।

**''एक पुरानी कहावत है:**
**''एक नहीं बीस करो समझौते, पर स्वतंत्र भारत का मस्तिक नहीं झुकेगा।**
**माटी हमारी पूजा, माटी हमारा वंदन।**

# बदलापुर नगर परिषद में करीब 600 करोड़ के कोविड घोटाले का चौंकानेवाला मामला

**ठाणे :** बदलापुर नगर परिषद में करीब ६०० करोड़ के कोविड घोटाले का चौंकानेवाला मामला सामने आया है। भाजपा के नगरसेवक संभाजी शिंदे ने खुद इस मामले का भंडाफोड़ करते हुए आरोप लगाया है कि कोविड काल के दौरान प्रशासक रहे मुख्य अधिकारियों ने नियमों को दरकिनार कर जिलाधिकारी से अनुमति लिए बिना ही करोड़ों रुपए का महाघोटाला किया है। ऐसे में प्रशासकों द्वारा किया गया यह महाघोटाला कहीं समन्वय समिति में शामिल गद्दार गुट के पूर्व नगराध्यक्ष वामन म्हात्रे और सभी विभागों के प्रमुखों की मिलीभगत से तो नहीं किया गया है, ऐसा सवाल करते हुए ये बोगस ठेकेदार कंपनियां किसकी हैं, इसकी जांच करने की मांग बदलापुरवासियों ने की है। अप्रैल २०२० में महापालिका का कार्यकाल समाप्त होने के बाद, राज्य सरकार द्वारा अक्टूबर २०२० से उल्हासनगर के तत्कालीन उपविभागीय अधिकारी दीपक पुजारी को कुलगांव-बदलापुर नगर परिषद का प्रशासक नियुक्त किया गया है। अतः विगत तीन वर्षों से आज तक प्रशासक एवं मुख्य अधिकारी दीपक पुजारी ही नगर परिषद का कामकाज देख रहे हैं। चूंकि महाराष्ट्र नगर पालिकाएं, नगर पंचायतें और औद्योगिक शहर अधिनियम, १९५६ में प्रशासनिक नगराध्यक्ष के अधिकार के संबंध में कोई उल्लेख नहीं है। ऐसे में पुजारी, जो एक प्रशासक हैं, उन्होंने नगराध्यक्ष के अधिकार का लाभ उठाया। मार्च २०२० में, राज्य सरकार ने स्थानीय प्रशासन को कोविड-१९ महामारी के दौरान जिलाधिकारी की मंजूरी के बाद जनता के लिए विशेष नियम लागू करने और खर्च करने का अधिकार दिया था। इसी का लाभ उठाते हुए प्रशासक ने किसी भी प्रक्रिया को पूरा किए बिना सैकड़ों करोड़ रुपयों के प्रस्ताव फर्जी तरीके से अपने अधिकार का दुरुपयोग करके मंजूर किया, ऐसा आरोप भाजपा के नगरसेवक संभाजी शिंदे ने लगाया है। इस घोटाले के जिम्मेदार लोगों की जांच करके उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए, ऐसी मांग शिंदे ने उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस से की है।






# महाराष्ट्र में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना

## 2 जुलाई से भारी बारिश का नया दौर शुरू होने का अलर्ट

**मुंबई:** मुंबई सहित पूरे महाराष्ट्र में पिछले कुछ दिनों से रोज भारी बारिश हो रही है। इस साल मॉनसून ने लगभग 15 दिन देरी से राज्य में प्रवेश किया। हालांकि, पिछले कुछ दिनों में महाराष्ट्र के कई हिस्सों में हुई भारी बारिश के कारण यह मुश्किल दूर हो गई है। हालांकि राज्य में अभी तक खेतों में बुआई के लिए पर्याप्त बारिश नहीं हुई है। इसी बीच अब पुणे में मौसम विज्ञान विभाग के



प्रमुख के एस होसालिकर ने ट्वीट करके अच्छी खबर दी है। इस ट्वीट उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र में अगले पांच दिनों में भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम वभिाग के मुताबिक, अगले पांच दिनों में राज्य में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। 2 जुलाई से भारी बारिश का एक नया दौर शुरू होने की संभावना है। इसका असर दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों और आसपास के इलाकों पर पड़ने की संभावना है। जैसा कि होसालिकर ने एक ट्वीट में कहा कि राज्य में चौथे और पांचवें दिन भी इसका असर रहेगा। इसलिए जुलाई के पहले पांच दिनों में भारी बारिश होने की पूरी संभावना है। इस बीच शुक्रवार सुबह से मुंबई और उपनगरों में लगातार बारिश की खबर है। बारिश जारी है और कभी-कभी भारी बारिश भी हो रही है। मौसम वभिाग ने लोगों से सुरक्षित यात्रा करने और निचले इलाकों में सावधान रहने की अपील की है। होसालिकर ने अपने ट्वीट में यह भी कहा कि जनि इलाकों के बारे में आप जानते हैं केवल उस क्षेत्र से चलना चाहिए।

### कोंकण और मध्य महाराष्ट्र के लिए ऑरेंज अलर्ट

कोंकण और मध्य महाराष्ट्र में ऑरेंज अलर्ट दिया गया है। मौसम विभाग की ओर से कहा गया है कि कुछ जगहों पर मध्यम और कुछ जगहों पर भारी बारिश होगी। मॉनसून के अधिक सक्रिय होने से अगले दो से तीन दिनों में कोंकण के रत्नागिरी, रायगढ़ और सिंधुदुर्ग और मध्य महाराष्ट्र के घाटों में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।

### महाबलेश्वर में भारी बारिश

सतारा जिले के पश्चिमी हिस्से में कोयना, नावजा में पांच दिनों से बारिश हो रही है। महाबलेश्वर में 24 घंटे में 118 मिमी बारिश दर्ज की गई है। इससे कोयना बांध में पानी धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। पश्चिमी क्षेत्र के कोयना, नावजा, तपोला, बामनोली, महाबलेश्वर सहित कंदती घाटी में लगातार बारिश हो रही है। इससे नदी, नाले, धान के खेत पानी से भर गए हैं।


# तैरने के दौरान समुद्र में डूबने से युवक की मौत!



**वसई :** विरार के अनार्ला समुद्र में डूबने से एक युवक की मौत हो गई है। लड़के का नाम अमित गुप्ता (18) है और वह नालासोपारा पूर्व के सीताराम नगर,आचोले रोड स्थित रहता था। इस मामले में पुलिस ने सीआरपीसी कलम 174 के तहत केस दर्ज किया है।बरसात के समय में समुद्र के किनारे, पर्यटन स्थल पर रोक लगाने की मांग की जा रही है। नालासोपारा पूर्व अचोले रोड के रहने वाले तीन कॉलेज युवक गुरुवार दोपहर अनार्ला समुद्र तट पर टहलने गए थे। वे समुद्र में तैरने के लिए उतरे थे। शाम करीब छह बजे अमित गुप्ता (17) नामक युवक डूबने लगा। उसके दोस्तों ने तुरंत पास के अनार्ला सागरी पुलिस को सूचित किया।पुलिस व तटरक्षक बल लड़के को बेहोश के हालत में आनन-फानन में उसे एक नजदीकी हॉस्पिटल में उपचार के लिए ले कर गए लेकिन सीरियस होने की वजह से आगे के इलाज के लिए संजीवनी अस्पताल रेफर कर दिया गया,जहाँ अस्पताल में भर्ती पूर्व ही उसकी मृत्यु हो गयी।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# शिंदे गुट का यूसीसी को बिना शर्त समर्थन

## बाला साहेब का एक और सपना जल्द पूरा होगा: शेवाले



**मुंबई।** एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का बिना शर्त समर्थन करने का ऐलान किया है। शिवसेना गुट के सांसद राहुल शेवाले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में समान नागरिक संहिता लागू करने की बात कहते हुए बाला साहेब ठाकरे के एक और सपने को पूरा करने की दिशा में एक और कदम उठाया है, लेकिन बाला साहेब से खून के रिश्ते की बात कहने वाले उद्धव ठाकरे ने इस कानून का विरोध करना शुरू कर दिया है, इसलिए उनका असली चेहरा प्रदेश की जनता के सामने आ रहा है। शेवाले ने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री पद की शपथ लिए आज एक साल हो गए। आज हम बाला साहेब ठाकरे का सपना पूरा होने का दिन मना रहे हैं। बालासाहेब की एक निष्ठावान शिवसैनिक को राज्य का मुख्यमंत्री बनने की इच्छा भाजपा के सहयोग से पूरी हुई है। बाला साहेब के तीन सपने थे, राम मंदिर बनाना, धारा 370 हटाना और समान नागरिक कानून बनाना। उनमें से दो सपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे कर दिए हैं। जल्द ही समान नागरिक संहिता का सपना भी पूरा होगा। शिवसेना प्रमुख और राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी इसे पूरा समर्थन दिया है।

शिवसेना सांसद ने कहा कि इस कानून का विरोध वही कर रहे हैं, जो शिवसेना प्रमुख से खून का रिश्ता होने की बात करते हैं। इस कानून को लेकर गलतफहमियां फैलाई जा रही है। उनका असली चेहरा सामने आ रहा है। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का एक प्रतिनिधिमंडल हाल ही में उद्धव ठाकरे से मिलने सेना भवन गया था। मुसलमानों का मानना है कि उद्धव ठाकरे मुसलमानों का समर्थन करेंगे। वे कह रहे हैं कि इस कानून से हिंदुओं को नुकसान होगा, लेकिन असल में इस कानून का असर हिंदुओं पर नहीं बल्कि सिर्फ गांधी परिवार पर पड़ेगा, इसलिए उद्धव ठाकरे इस कानून का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कानून किसी समुदाय के खिलाफ नहीं होगा, बल्कि पहचान की परवाह किए बिना सभी के साथ समान व्यवहार करेगा। इस कानून की मंजूरी के लिए हम व्हिप जारी करेंगे।

# मुंबई में शुरू होगी 10 प्रतिशत पानी कटौती

## तालाब क्षेत्रों में हो रही अच्छी बारिश

### पिछले साल के मुकाबले जमा हुआ अधिक हुआ पानी

**मुंबई।** मानसून के देरी से आने और मुंबई को जलापूर्ति करने वाले तालाबों में गिरते जल स्तर से मुंबई मनपा ने आज से पूरे मुंबई शहर में 10 प्रतिशत पानी कटौती करेगी।मनपा प्रशासन ने पानी कटौती करने की पहले ही घोषणा की है इस बीच शनिवार से शुरू हुई बारिश से मुंबई को जलापूर्ति करने वाले तालाब क्षेत्रों में भी अच्छी बारिश हो रही है जिससे तालाब में अब पिछले साल के मुकाबले थोड़ा अधिक पानी जमा हुआ है। मुंबई को जलापूर्ति करने वाले तालाब में 30 प्रतिशत पानी जमा हो जाने और मानसून बने रहने पर मनपा पानी कटौती वापस लेने पर विचार करेगी इस तरह की जानकारी मनपा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी। मुंबई को पानी



की आपूर्ति करने वाली सभी सात तालाबों में पिछले शनिवार तक जल स्तर सात प्रतिशत नीचे चला गया था। जिससे पानी का बड़ा संकट खड़ा हो गया था। राज्य सरकार द्वारा भातसा और अप्पर वैतरणा से अतिरिक्त कोटे का पानी का 150 एम एल डी पानी मिला जिससे कुछ हद सप्लाई शुरू रही। पिछले शनिवार से मुंबई सहित पूरे महाराष्ट्र में शुरू हुई बारिश का असर तालाब क्षेत्रो में भी दिखाई देने लगा है। तालाबों में अब 10 प्रतिशत से अधिक पानी जमा हो गया है। जो की राहत देने वाला है। बारिश का जोर इसी इसी तरह बना रहा और तालाब में 30 प्रतिशत पानी जमा हुआ और आगे का मानसून किस तरह रहेगा यह देखकर पानी कटौती को वापस लेने पर विचार किया जाएगा।मुंबई में रोजाना 3850 एम एल डी जलापूर्ति करने के लिए अगस्त महीने में कुल 14 लाख 47 हजार एम एल दी जमा होना चाहिए उसके बाद जुलाई आखिरी तक अच्छे से पानी की सप्लाई हो सकेगी।

# खर्च का वलोकन कर पुलिस ने किया नौकरानी को गिरफ्तार



**मुंबई** : अंबोली पुलिस ने बच्चा संभालने गई महिला को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस को महिला के खर्च का अवलोकन किया और उसके बढ़े हुए खर्च को देखकर शक होने के बाद उसे पूछताछ के लिए बुलाया। पहली बार पूछताछ के लिए वह आई लेकिन दूसरी बार उसने अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया। तभी शक यकीन में बदलने लगा। इसके बाद भी सवालों के उल्टे जवाब देती रही। 11 जून को पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया था और मामले की जांच क्रोनोलॉजी से कर रही थी। तभी आरोपी महिला पर शक हुआ और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार की गई महिला का नाम प्रेमा रवि दोड़मणि (27) है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक मामले की जांच एपीआई अजय चव्हाण के साथ उनकी टीम में मौजूद गोरखनाथ पवार, प्रदिप कुलट, शिल्पेष कदम, सचिन साखरे, साजिद शेख आदि कर रहे थे। तभी क्रोनोलॉजी में पता चला कि शिकायतकर्ता के यहां चार नौकरानी काम करती थी। जिसमें से एक यह भी थी जो महज दस दिन काम की और आजी की तबियत खराब होने का बहाना कर काम छोड़कर चली गई थी। पुलिस ने जब इसे जांच के लिए बुलाया तब वह बहुत उल्टे सीधे जवाब दे रही थी। लेकिन बाद में जब उसका मोबाइल बंद हुआ तब पुलिस का शक यकीन में बदल गया और फिर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक पुलिस ने 10 मई, जब से प्रेमा ने नौकरी छोड़ी थी तब से लेकर उसके खर्च का अवलोकन किया। तब पता चला कि उसने अब खर्च करना भी अधिक शुरू किया है। इसीसे पुलिस को उसपर शक हो गया और फिर जब पहली बात पूछताछ के लिए आने के बाद, दूसरी बकर बुलाये जाने पर उसने अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया, तभी पुलिस को उसपर शक हो गया। इसके बाद वह छिपकर बैठे हुए इलाके में से उसे पुलिस ने ढूंढ निकाला।

# नवी मुंबई में नहीं की जाएगी अतिरिक्त पानी की कटौती

## मोरबे डैम भरने के लिए जरूरी है 4500 एमएम बारिश होना

**नवी मुंबई** : नवी मुंबई में जलापूर्ति करने वाली मोरबे डैम के लबालब होने के लिए 4500 एमएम बारिश का होना जरूरी है किन्तु अभी तक इतनी बरसात नहीं हुई है इसलिए नवी मुंबई में पानी की कटौती जारी रहेगी लेकिन अब अतिरिक्त पानी की कटौती नहीं की जाएगी। यह बात नवी मुंबई मनपा आयुक्त राजेश नार्वेकर ने कही है। मनपा के जलापूर्ति विभाग का कहना है मोरबे डैम परिसर में अपेक्षा के अनुकूल बरसात हो रही है लेकिन अभी तक यह डैम पूरी तरह से भरा नहीं है इसकी मुख्य वजह है मानसून का देर से आना। हालांकि मनपा प्रशासन ने उम्मीद की है कि यदि इसी तरह से बारिश होती रही तो जल्द ही यह डैम पानी से भर जाएगा।



**मनपा प्रशासन इस बारीकी से नजर बनाए हुए है**

उल्लेखनीय है कि नवी मुंबई मनपा क्षेत्र में फिलहाल सप्ताह में एक दिन शाम के समय जलापूर्ति नहीं की जाती है। मनपा प्रशासन का कहना है कि फिलहाल पानी की कटौती में अभी कोई बदलाव नहीं किया गया है फिलहाल यह कटौती जारी रहेगी। मनपा प्रशासन का कहना है नवी मुंबई में अभी तक 461 . 97 एमएम बरसात हुई है जबकि मोरबे डैम परिसर में अभी तक 357 . 80 एमएम बरसात दर्ज की गयी है। मनपा प्रशासन का कहना है मोरबे डैम में कम बरसात हो रही है लेकिन मनपा प्रशासन इस बारीकी से इस पर नजर बनाए हुए है। मनपा का कहना है कि पिछले साल भी कम बरसात हुई थी जिसकी वजह से डैम पूरी तरह से भर नहीं पाया था। मनपा के जलापूर्ति विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2019 में 5000 एमएम बरसात मोरबे डैम परिसर में हुई थी उस समय यह डैम पूरी तरह से भर गया था। नवी मुंबई मनपा को जल संपन्न महानगर पालिका के रूप में जाना जाता है , इस बार बरसात की शुरूआत हो चुकी है लेकिन डैम को भरने के लिए 4500 एमएम बारिश होना जरूरी है , इस बात की उम्मीद की जा रही है इस बार अपेक्षा के अनुकूल बारिश होगी।

# हाइट बैरिएक तोड ट्रक घुसा, विलेपार्ले में घंटो हुई ट्रैफिक समस्या



**मुंबई** : कैप्टन विनायक गोरे ब्रिज विलेपार्ले में पर बारियेक तोड़ ट्रक घुसा। जिससे ब्रिज पर आवाजाही लगभग 7 घंटे तक ब्रिज बंद रहा। बड़े वाहन इस ब्रिज पर से न जाए इसको लेकर हाइट वैरियर ब्रिज लगा हुआ था इसके बाद भी ब्रिज पर ट्रक घुस गया था। जिससे ब्रिज पर आवागमन बंद हुआ था सुबह 10 बजे की घटना । ट्रैफिक पर पड़ा बुरा असर। मनपा ट्रक मालिक पर मामला दर्ज करेगी। मनपा प्रशासन ट्रक मालिक के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराएगी। इस घटना के बाद मनपा के पूर्व वार्ड के अधिकारी और और ब्रिज विभाग के अधिकारी और कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और मुंबई पुलिस और मुंबई ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से वैकल्पिक मार्ग से ट्रैफिक को डायवर्ट करने की प्रक्रिया शुरू की। मनपा कर्मचारियों ने गैस कटर की मदद से हाइट बैरियर के कुछ हिस्सों को अलग किया।

# प्लेटफॉर्म पर पटरी के किनारे हाथ धोना पड़ा भारी...

## तभी ट्रेन से टकराकर लड़के की मौत



**मुंबई** : महाराष्ट्र से मिल रही एक बड़ी खबर के अनुसार, यहां मुंबई के मलाड रेलवे स्टेशन पर एक लड़के की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार वो प्लेटफॉर्म पर पटरी के पास ही खड़े होकर हाथ धो रहा था। तभी अचानक इसी दौरान पटरी पर ट्रेन आ गई। लड़के का सिर ट्रेन के इंजन से टकराया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार मामला 17 जून का बताया जा रह है, इससे जुड़ा उउळश फुटेज अब सामने आया है। इस कथित वीडियो में एक लड़का प्लेटफॉर्म पर खड़े होकर पटरियों पर हाथ धो रहा है। तब हाथ धोने के बाद वो पानी पीने लगता है। इसी दौरान दूसरा लड़का उससे बोतल लेकर हाथ धोने लगता है। तभी इस पटरी पर एक लोकल ट्रेन आती है। इस दौरान ट्रेन का इंजन लड़के के सिर से टकरा जाता है और वह ट्रेन से काफी दूर उछलकर प्लेटफॉर्म पर गिर पड़ता है।

उधर मृतक की पहचान मयंक शर्मा (16 साल) के रूप में की गई है। घटना के अनुसार, वह स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर था। यहां उसने अपने दोस्त के साथ टिफिन से खाना भी खाया। इसके बाद वो बोतल से पानी पी रहा था, तभी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। इधर मौके पर मौजूद उसके दोस्त को भी चोट आई है। उसका इलाज भी चल रहा है। गौरतलब है कि भारतीय रेलवे हमेशा ही अपने यात्रियों और स्टेशन पर मौजूद लोगों को ट्रेन की पटरी के पास जरुरत से ज्यादा न चिपक कर खड़े होने की चेतावनी देता है।

# 1 साल के कार्यकाल में महाराष्ट्र 10 साल पीछे चला गया - पटोले



**मुंबई** : महाविकास आघाड़ी सरकार को साजिश के तहत गिराकर शिंदे-फडणवीस सरकार की स्थापना की गई। यह राज्य की जनता के साथ विश्वासघात, बेईमानी का वर्ष है। दिल्ली के इशारे पर बनी इस सरकार के एक साल के कार्यकाल में महाराष्ट्र १० वर्ष पीछे चला गया है, ऐसे शब्दों में महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले ने ईडी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा है कि स्वाभिमानी लोग नहीं चाहते कि यह असंवैधानिक, असंवेदनशील और भ्रष्ट ह्यकुशासनह्व सरकार महाराष्ट्र में रहे। लोग चाहते हैं कि यह सरकार जल्द से जल्द जाए।

शिंदे-फडणवीस सरकार के एक साल पूरे होने पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि इस सरकार के गठन के दौरान लिए गए सभी फैसले सुप्रीम कोर्ट ने गलत ठहराए हैं। राजभवन का दुरुपयोग कर, विधायकों को ईडी, सीबीआई का डर दिखाकर और खोके देकर यह सरकार बनाई गई। सुप्रीम कोर्ट ने अपने पैछसले में एक तरह से इस सरकार को असंवैधानिक करार दिया है लेकिन इसके बावजूद ईडी (शिंदे-फडणवीस) सरकार कुर्सी से चिपकी हुई है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि महाराष्ट्र हमेशा से ही औद्योगिक दृष्टि से अग्रणी राज्य रहा है, लेकिन ईडी सरकार ने भी इस इमेज को नष्ट कर दिया है। वेदांता-फॉक्सकॉन जैसे १.५ लाख करोड़ के संयुक्त उद्यम और १ लाख से अधिक रोजगार सृजन परियोजना गुजरात को दे दी गई है। टाटा एयरबस परियोजना, बल्क ड्रग्स पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क, समुद्री अकादमी, ये सभी बड़े उद्योग और संस्थान महाराष्ट्र से बाहर चले गए। उद्योगों के राज्य से बाहर चले जाने से २ लाख से अधिक नौकरियां भी चली गईं। राज्य में ३५ लाख छात्र महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं की तैयारी करते हैं लेकिन ये परीक्षाएं समय पर नहीं होने से असमंजस की स्थिति बनी हुई है। अफसर बनने का सपना देखने वाले गांवों के गरीब, सामान्य परिवारों के बच्चों का भविष्य दांव पर है। ईडी सरकार किसान, मजदूर, अल्पसंख्यक, दलित और वंचित विरोधी है।



# वसई-विरार शहर महानगरपालिका के खिलाफ लामबंद हुए ठेका कर्मचारी...

## 3 जुलाई को निकालेंगे मोर्चा कार्यालय का कामकाज रहेगा बंद !




**वसई :** वसई-विरार शहर महानगरपालिका के विभिन्न कार्यालयों/ विभागों में (ठेका) अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों को महानगरपालिका में स्थाई रूप से रखने के लिए एवं उनकी विभिन्न समस्याओं को लेकर कई वर्षों से पत्र देने के बावजूद महानगरपालिका प्रशासन की तरफ से अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। केंद्र सरकार ने ह्यस्वातंत्र्य अमृत महोत्सवह्ल पहल के तहत 75000 रोजगार के अवसर प्रदान करने का संकल्प लिया है। लेकिन महानगरपालिका में कार्यरत संविदा (ठेका) कर्मचारियों को स्थाई रूप से नही रखा जा रहा है। संविदा (ठेका) कर्मचारियों के संबंध में महानगरपालिका प्रशासन की उदासीन नीति के कारण मनपा क्षेत्र अंतर्गत कार्यरत स्थानीय संविदा ( ठेका) कर्मचारियों व उनके परिवारों के साथ अन्याय किया जा रहा है। कई कर्मचारियों को निकाला जा रहा है जिससे उन्हें बेरोजगारी के कारण भुखमरी का सामना करना पड़ेगा। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व स्थानीय श्रमिक संघ,राष्ट्रवादी श्रमिक जनरल यूनियन और अन्य श्रमिक संगठनों ने 3 जुलाई को सुबह 11 बजे म्हाडा मैदान,विरार पश्चिम स्थित से मोर्चा से निकाला जाएगा। वहीं वसई विरार महानगरपालिका में कार्यरत सभी संविदा (ठेका) कर्मचारी कार्यालय का काम बंद करके मोर्चा में भाग लेंगे। गौरतलब हो कि सोमवार, 26 जून को स्थानीय श्रमिक संघ और राष्ट्रवादी श्रमिक जनरल यूनियन के पदाधिकारियों ने वसईविरार शहर महानगरपालिका के आयुक्त को लिखित पत्र के देकर सूचित किया गया है। हालांकि 3 जुलाई को वसई विरार शहर महानगरपालिका में कार्यरत सभी संवर्गों (आवश्यक सेवाओं को छोड़कर) सभी (ठेका ) कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में मोर्चा में भाग लेंगे। वही यूनियन की तरफ से वसई विरार के सभी नागरिको को सूचित किया है की सभी संविदा (ठेका ) कर्मचारियों का कार्यालय का कामकाज बंद रहेगा।

# बेटे ने सोते समय कर दी पिता की हत्या, इस वजह से रॉड से पीट-पीटकर मारा



**मुंबई:** महाराष्ट्र के मुंबई से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक बेटे ने रात में सोते समय अपने पिता की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी बेटे ने अपने पिता की रॉड से पीट-पीटकर हत्या की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान नोमान समद शेख के रूप में हुई है। उसकी उम्र महज 24 साल है।

**क्यों दिया वारदात को अंजाम ?**

मामला मुंबई के अंधेरी इलाके में स्थित कपासवाड़ी का है। यहां एक बेटे ने पिता का कत्ल कर दिया। मुंबई की ञ्छ नगर पुलिस ने आईपीसी की धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी बेटे को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, आरोपी बेटा कोई काम नहीं करता था। इसी बात को लेकर आरोपी बेटे और पिता में झगड़ा हुआ था। 2 महीने पहले हुए झगड़े का गुस्सा आरोपी बेटे ने निकाला और 30 जून की रात करीब 3 बजे जब घर में सब सो गए थे तब लोखंड के रॉड से पिता के सिर पर कई बार हमला किया। पिता को घायल हालत में नजदीकी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। घटना के बाद मुंबई की डीएन नगर पुलिस ने 24 साल के नोमान शेख नाम के लड़के को गिरफ्तार कर लिया। मामले में जांच जारी है।

# प्लेटफॉर्मों पर शेड बनाने का काम पूरा नहीं

## यात्रियों को बारिश में भीगते हुए ट्रेन पकड़नी पड़ रही है



**मुंबई :** मध्य और पश्चिम रेलवे के प्लेटफॉर्मों पर गर्मियों से चल रहा शेड की मरम्मत का काम अभी भी जारी है। कई स्टेशनों पर शेड की मरम्मत का काम पूरा नहीं होने से यात्रियों को फिलहाल भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। पश्चिम रेलवे के मीरा रोड स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर १ पर छत नहीं होने के कारण यात्रियों को छाता लेकर स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करना पड़ता है। इसके चलते मुंबईकर रेलवे प्रबंधन के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं।

एक तरफ जहां मुंबई में बारिश ने जोरदार दस्तक दी है, वहीं रेलवे अभी भी कई स्टेशनों के प्लेटफॉर्मों पर शेड बनाने का काम पूरा नहीं कर पाया है। ऐसे में यात्रियों को बारिश में भीगते हुए ट्रेन पकड़नी पड़ रही है। नागरिकों की इस समस्या को दूर करने के लिए रेलवे कोई उपाय न करने की बजाय देसी जुगाड़ करने में जुटा है। हार्बर लाइन के गोवंडी रेलवे स्टेशन पर बांस के सहारे बारिश के पानी से यात्रियों को बचाने का उपाय किया जा रहा है। दूसरी तरफ मध्य रेलवे द्वारा वंदे भारत में सफाई के लिए नया और महंगा इलेक्ट्रिक झाड़ू लाया गया है। रेवले के इस सौतेले व्यवहार को लेकर नागरिकों में काफी नाराजगी देखी जा रही है।

मध्य रेलवे की हार्बर लाइन पर गोवंडी स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या हर दिन बढ़ती जा रही है, लेकिन इस स्टेशन पर यात्रियों के लिए सुविधाओं का अभाव दिख रहा है। स्टेशन पर विकलांगों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए लिफ्ट और एस्केलेटर नहीं हैं। स्टेशन गंदे प्लेटफॉर्मों, टूटी सीढ़ियों और ढहे हुए पुलों से पीड़ित है। इसके अलावा पिछले कई महीनों से स्टेशन के प्लेटफॉर्मों पर शेड नहीं डाली गई है।

# देश के कई गैंगेस्टरों से हाथ मिलाने की फिराक में बिश्नोई...

**मुंबई :** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम को दोस्त नहीं बल्कि दुश्मन मानता है। साथ ही बिश्नोई दाऊद गिरोह के साथ खालिस्तानियों का खात्मा करना चाहता है। पंजाब का ये गैंगस्टर भारत में दूसरा दाऊद नहीं बनना चाहता है। ऐसा खुलासा एनआईए द्वारा दाखिल चार्जशीट में हुआ है। बिश्नोई ने खुद ऐसा कबूल किया है। सूत्रों की मानें तो लॉरेंस बिश्नोई छोटा राजन जैसे देश के कई गैंगेस्टरों से हाथ मिलाने की फिराक में है।



बता दें कि कुछ समय पहले ही एक खबर सुर्खियों में आई थी, जिसमें दावा किया गया था कि लॉरेंस बिश्नोई का गैंग मुंबई के अंडरवर्ल्ड सरगना डॉन दाऊद इब्राहिम और उसके गैंग के नक्शेकदम पर चल रहा है। लेकिन अप्रैल के महीने में जब एनआईए ने गैंगस्टर बिश्नोई से पूछताछ की तो उसने ये बात खुलकर कही कि उसे दाऊद इब्राहिम कतई पसंद नहीं है और न ही वो उसकी तरह बनना चाहता है। सूत्रों की मानें तो लॉरेंस बिश्नोई डी कंपनी के खिलाफ बड़ा गिरोह तैयार करने के लिए छोटा राजन जैसे गैंगेस्टरों से हाथ मिलाने में जुटा हुआ है। इसके लिए हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, केरल, महाराष्ट्र के कुछ गैंगेस्टरों से उसकी बात भी हो चुकी है। लॉरेंस बिश्नोई ने काले हिरण का शिकार करने वाले सलमान खान को लेकर बताया कि काला हिरण बिश्नोई समुदाय के लिए बेहद पूजनीय होता है, इसी बात को लेकर सलमान खान को जान से मारने की धमकी दी थी। सलमान खान ने उसकी और उसके समुदाय की आस्था को चोट पहुंचाई है। वह सलमान खान को माफ कर सकता है, बशर्ते वो खुद सामने आकर अपनी इस हरकत के लिए न सिर्फ माफी मांगे, बल्कि भविष्य में ऐसा कभी न करने की कसम खाए। एनआईए से पूछताछ के दौरान पंजाब के सिंगर सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस का मास्टरमाइंड बिश्नोई ये कहने से भी नहीं चुका कि वो तो पंजाब में गड़बड़ी करने वाले खालिस्तानियों से भी बेहद नफरत करता है। उसका बस चले तो वो उन्हें भी खत्म कर दे। हालांकि, बिश्नोई ने केंद्रीय जांच एजेंसी के सामने सलमान खान को धमकी देने वाली बात खुले तौर पर स्वीकार की। उसने कहा कि वो सलमान खान को तब तक माफ नहीं कर सकता, जब तक सलमान खुद सामने आकर अपनी करतूत के लिए माफी न मांगे।




# मोदी अचानक मेट्रो सफर कर दिल्ली यूनिवर्सिटी पहुंचे

## बोले– अमेरिका गया था, आपने भारत का सम्मान देखा होगा, वजह– हमारे युवाओं पर विश्व का भरोसा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को दिल्ली यूनिवर्सिटी के शताब्दी समारोह शामिल हुए। उन्होंने कहा कि एक समय था जब छात्र किसी संस्थान में एडमिशन से पहले प्लेसमेंट को प्राथमिकता देते थे। एडमिशन का मतलब डिग्री और डिग्री का मतलब नौकरी होता था। शिक्षा यहीं तक सीमित थी।

उन्होंने कहा, आज युवा जिंदगी को इसमें बांधना नहीं चाहता है। वह कुछ नया करना चाहता है। अपनी लकीर खुद खींचना चाहता है। 2014 से पहले भारत में सिर्फ कुछ सौ स्टार्टअप थे। आज इनकी संख्या एक लाख को पार कर गई है। कुछ दिन पहले अमेरिका की यात्रा पर गया। आपने देखा होगा कि भारत का सम्मान और गौरव कितना बढ़ा है, क्योंकि भारत की क्षमता और भारत के युवाओं पर विश्व का भरोसा बढ़ा है। मोदी अचानक मेट्रो से सफर कर पहुंचे। वे सुबह 11 बजे लोक कल्याण मार्ग मेट्रो स्टेशन गए। यहां उन्होंने टिकट काउंटर से टोकन लिया और उसके बाद वे प्लेटफॉर्म पहुंचे। मेट्रो में यात्रियों के साथ बातचीत भी की। दिल्ली विश्वविद्यालय की स्थापना 1 मई 1922 को हुई थी। इसमें 86 विभाग, 90 कॉलेज, 6 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स हैं।

### मोदी को गोली मारने की धमकी, एफआईआर

सोनीपत। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गोली मारने की धमकी देने के एक वायरल वीडियो के आधार पर हरियाणा के सोनीपत में केस दर्ज किया गया है। वीडियो में युवक अपने आप को हरियाणा का बदमाश और गांव मोहाना, सोनीपत का रहने वाला बता रहा है। वीडियो में कह रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी मेरे सामने आ जाएं तो मैं गोली मार दूंगा। पुलिस युवक की तलाश कर रही है। सोनीपत के मोहाना थाना के इंस्पेक्टर राजपाल ने आज 30 जून को यह केस दर्ज कराया है। उसने बताया कि वह **EHC** राजेन्द्र, **CT** देवेंद्र के साथ सरकारी गाड़ी में गश्त पर था।

# राहुल गांधी पढ़ते-लिखते नहीं: नड्डा

## भाजपा अध्यक्ष ने कहा– इन्होंने गौ–माता को भी नहीं छोड़ा, अफसरों को जेल मतलब दाल में काला



**बिलासपुर।** बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बिलासपुर के रेलवे फुटबॉल मैदान में जनसभा को संबोधित कर कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने शराब घोटाला, चावल घोटाला सहित प्रदेश के कई अहम मुद्दों को लेकर भूपेश सरकार की जमकर खिंचाई की। नड्डा ने मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर केंद्र की उपलब्धियां भी गिनाई। मंच पर प्रदेश प्रभारी ओमप्रकाश माथुर, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व सीएम रमन सिंह, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल समेत तमाम बड़े नेता मौजूद रहे।

छत्तीसगढ़ से 10 हजार टन चावल गायब हो गया। शराब घोटाला हुआ। हर ठेके पर नकली शराब मिल रही। उसका कोई लेखा जोखा नहीं। इन्होंने गौ माता को भी नहीं छोड़ा। इन्होंने गायों को नहीं छोड़ा तो किसको छोड़ेंगे। मोदी कार्यकाल में भारत का विकास दर 8.7 प्रतिशतअटल आवास के जरिए मोदी सरकार में 4 करोड़ मकान बनाए गए। छत्तीसगढ़ में साढ़े 24 लाख महिलाओं के लिए शौचालय बनाया। आयुष्मान योजना के तहत लोगों को 5 लाख का हेल्थ कवर दिया। छत्तीसगढ़ में साढ़े 36 लाख परिवार को हेल्थ कवर मिला।

देश भर में 9 करोड़ 10 लाख लोगों को नल कनेक्शन दिया। छत्तीसगढ़ में 22 लाख लोगों को नल कनेक्शन मिला। 27 लाख लोगों को किसान सम्मान योजना से सम्मानित किया। इन्फ्रास्ट्रक्चर के नाम पर 10 लाख करोड़ रुपये खर्च किया जा रहा है। पूरे देश में 54 हजार किलोमीटर की नेशनल हाईवे बन कर तैयार हुई है। देश मे 23 वंदे भारत ट्रेन शुरू की गई है। बिलासपुर से भी वंदे भारत ट्रेन चल रही है। दुनिया में आर्थिक समस्या थी। मगर पूरी दुनिया भारत को देख रही है। राहुल गांधी हैं जो वो पढ़ते लिखते नहीं हैं। छत्तीसगढ़ के भिलाई को आईआईटी दिया। कांकेर में पैसेंजर ट्रेन चल रही है। सरगुजा को हमने मेडिकल कॉलेज दिया। इनके अफसर जेल में हैं मतलब दाल में काला है।

### सरकार बनाने के लिए बिलासपुर संभाग की भूमिका अहम


छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा संभाग बिलासपुर है। यहां विधानसभा की 24 सीटें हैं। ऐसे में यहां सभी राजनीतिक पार्टियों की नजर रहती है। इसलिए बीजेपी भी बिलासपुर संभाग में अपनी स्थिति सुधारने के लिए पूरी ताकत से मैदान में उतरने की रणनीति बना रही है। फिलहाल यहां पर अभी 13 सीट पर कांग्रेस का कब्जा है, और 7 सीट पर बीजेपी के विधायकों ने जीत दर्ज की है। जबकि, 2 बहुजन समाज पार्टी और 1 में छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस के विधायक हैं।

### पीएम मोदी की उपलब्धि गिनाकर बीजेपी बना रही रणनीति

राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, बीजेपी का बिलासपुर संभाग में ज्यादा फोकस है। लेकिन, राज्य सरकार के छत्तीसगढ़ियावाद का भाजपा के पास कोई तोड़ नहीं है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल के कार्यकाल व उनकी उपलब्धि बताने के बहाने भाजपा यहां विधानसभा चुनाव का माहौल बनाने की रणनीति बना रही है और केंद्रीय नेता दौरा कर रहे हैं।

# गहलोत इस उम्र में बेमतलब घूम रहे हैं: शाह

## बेटे वैभव को सीएम बनाना उनका लक्ष्य, राहुल पीएम बने तो भ्रष्टाचार नियति बन जाएगी



**उदयपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उदयपुर में हुई सभा में जब मंच से नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने शाह के संबोधन का ऐलान किया तो शाह ने खुद से पहले पूर्व सीएम वसुंधरा राजे का संबोधन करवाया। इसके बाद उन्होंने वसुंधरा से बातचीत भी की, दोनों नेताओं की इस बॉडी लैंग्वेज के सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उदयपुर में हुई सभा में जब मंच से नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने शाह के संबोधन का ऐलान किया तो शाह ने खुद से पहले पूर्व सीएम वसुंधरा राजे का संबोधन करवाया। इसके बाद उन्होंने वसुंधरा से बातचीत भी की, दोनों नेताओं की इस बॉडी लैंग्वेज के सियासी मायने निकाले जा रहे हैं।

विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का अभियान तेज हो गया है। लगातार तीसरे दिन भाजपा का शीर्ष नेतृत्व राजस्थान में है। आज इस कैंपेन को आगे बढ़ाने के लिए उदयपुर पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बिना मतलब इस उम्र में इधर-उधर घूम रहे हैं।

### शाह ने करवाया वसुंधरा का भाषण

इससे पहले, जनसभा में जब नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने अमित शाह को भाषण के लिए बुलाया तो उन्होंने इशारा कर वसुंधरा राजे को बोलने के लिए कहा। अमित शाह के कहने पर वसुंधरा ने भाषण दिया। वसुंधरा से पहले प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने भाषण दिया था, इसके बाद सीधे अमित शाह के भाषण का कार्यक्रम था। शाह के इस कदम के सियासी मायने भी निकाले जा रहे हैं।

### वसुंधरा कार्यकर्ताओं से बोलीं– अति आत्मविश्वास में मत आना

वसुंधरा ने कहा कि गहलोत सरकार पूरी पांच साल अपना खुद का उत्थान करने में लगी है। उनके मंत्री खुद मंच से यह बात कहते हैं कि सरकार ने भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड कायम कर दिया है। वसुंधरा ने कहा कि आने वाले चुनाव में हम निश्चित रूप से चुनाव जीतेंगे, लेकिन कार्यकर्ता अति आत्मविश्वास में न आएं।




# कोल्ड ड्रिंक और च्युइंगगम से कैंसर का खतराः डब्ल्यूएचओ



**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन की कैंसर पर रिसर्च करने वाली एजेंसी ने अपनी स्टडी में पाया है कि आर्टिफिशियल स्वीटनर ड्रिंक्स में कैंसर पैदा करने वाले तत्व हो सकते हैं। यह स्टडी अगले महीने प्रकाशित होने वाली है। स्टडी में पाया गया है कि कोल्ड ड्रिंक्स और च्यूइंगगम में भी कैंसर पैदा करने वाले तत्व हो सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन से जुड़ी संस्था इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर (IARC) की स्टडी में यह जानकारी दी गई है। रॉयटर्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि IARC की इस रिपोर्ट को हाल ही में मंजूरी दी गई है और जुलाई में इसे प्रकाशित किया जाएगा।

इस स्टडी में यह नहीं बताया गया है कि किसी इंसान को कितनी मात्रा में इन चीजों को खाना-पीना चाहिए। इस बारे में WHO की एक और एजेंसी JECF है, जिसकी ओर से इसे लेकर एडवाइजरी जारी की जा सकती है। IARC ने पहले भी ऐसी कई रिपोर्ट्स दी हैं, जिसकी दुनिया भर में चर्चा हुई थी। यही नहीं कई मामले तो अदालत तक भी पहुंचे और मैन्युफैक्चरर्स को अपने आइटम्स की रेसिपी में बदलाव करना पड़ा था।

# विशाखापत्तनम में फार्मा लैब के रिएक्टर में धमाका, दो की मौत; कई अन्य घायल

**नई दिल्ली।** विशाखापत्तनम के अनाकपाली जिले में स्थित एक फार्मा कंपनी के रिएक्टर में जबर्दस्त विस्फोट हुआ है। इस विस्फोट में दो लोगों के मारे जाने की आशंका है। इसके अलावा कई अन्य के घायल होने की खबरें भी आ रही हैं। घटना अयुतपुरम सेज में स्थित साहिती फार्मा यूनिट में हुई है।

धमाके की जानकारी मिलते ही आग पर काबू पाने के लिए दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। वहीं, कई लोगों के अंदर फंसे होने की आशंका है। धमाके के बाद इलाके में धुएं का गुबार छाया हुआ है। जिला अग्निशमन अधिकारी लक्ष्मण राव के मुताबिक दमकल की आठ गाड़ियां मौके पर पहुंचीं हैं। इसके अलावा चार अन्य रास्ते में हैं।



**एसपी ने दी घटना की जानकारीः** अनकापल्ली के पुलिस अधीक्षक मुरली कृष्ण ने बताया कि रिएक्टर में अचानक विस्फोट होने के कारण आग लग गई। आग से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई।

### अभी नहीं बुझी है आग

विस्फोट में दो लोग गंभीर रूप से झुलस गए और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अनकापल्ली के एसपी मुरली कृष्ण ने कहा कि मामला दर्ज किया जाएगा और इस बात की जांच की जाएगी कि यह घटना कैसे हुई और क्या प्रबंधन की ओर से कोई लापरवाही बरती गई है? ऑपरेशन अभी भी जारी है, क्योंकि लैब में अभी भी आग नहीं बुझी है।

# मणिपुर के सीएम बोले- इस्तीफा नहीं दे रहा हूं

## 3 बजे राजभवन जाने वाले थे, घर के बाहर हजारों महिला समर्थकों के प्रदर्शन के बाद फैसला बदला

**इंफाल।** मणिपुर में 3 मई से जारी हिंसा के बीच शुक्रवार सुबह से इस बात की चर्चा रही कि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह कुर्सी छोड़ने वाले हैं। वे दोपहर 3 बजे राज्यपाल अनुसुइया उइके से मिलकर अपना इस्तीफा सौंपने वाले हैं। हालांकि, अटकलों के बीच महिलाओं का एक दल इंफाल में राजभवन के सामने पहुंचा। महिलाओं ने मांग की कि बीरेन सिंह इस्तीफा ना दें, बल्कि हिंसा फैलाने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन लें।

घड़ी में शाम के 4 बजकर 1 मिनट पर एन बीरेन सिंह ने एक ट्वीट किया और लिखा- इस मोड़ पर तो मैं इस्तीफा नहीं देने वाला हूं। यानी बीरेन सिंह ने साफ कर दिया कि वे मुख्यमंत्री की कुर्सी नहीं छोड़ रहे। मणिपुर में गुरुवार को हुई गोलीबारी में 3 लोगों की जान चली गई। हिंसा की



2 घटनाओं में से एक गुरुवार सुबह 5-30 बजे कांगपोकपी जिले में हुई। यहां हथियार बंद लोगों ने गोलीबारी की। इस घटना में 2 लोगों की जान गई थी। लोगों ने शवों को लेकर सीएम हाउस तक जुलूस निकालने की कोशिश की। पुलिस ने भीड़ को हटाने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज भी किया था।

### मणिपुर हिंसा में 131 लोग गंवा चुके हैं जान

मणिपुर में 3 मई से कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हिंसा जारी है। हिंसा में अब तक 131 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं 419 लोग घायल हुए हैं। 65,000 से अधिक लोग अपना घर छोड़ चुके हैं। आगजनी की 5 हजार से ज्यादा घटनाएं हुई हैं। 6 हजार मामले दर्ज हुए हैं और 144 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। हिंसा को देखते हुए राज्य में 30 जून तक इंटरनेट पर प्रतिबंध बढ़ा दिया गया है।

# दिल्ली मेट्रो में शराब की 2 बोतलें ले जा सकेंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने पैसेंजर्स को मेट्रो में शराब की दो बोतलें ले जाने की छूट दे दी है। ये बोतलें सीलबंद होनी चाहिए। पहले के आदेश के अनुसार, एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन को छोड़कर दिल्ली मेट्रो में शराब ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। CISF और DMRC के अधिकारियों की एक समिति ने इस आदेश की समीक्षा के बाद फैसला लिया है। DMRC ने आधिकारिक बयान में कहा है कि मेट्रो परिसर के अंदर शराब पीना सख्त मना है। मेट्रो यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा करते समय शिष्टाचार बनाए रखें। यदि कोई यात्री शराब के नशे में अभद्र व्यवहार करते हुए पाया जाता है, तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मेट्रो के अंदर प्रतिबंधित वस्तुओं के संशोधित नियमों को मेट्रो की वेबसाइट पर अपडेट किया गया है। दिल्ली मेट्रो ने यात्रियों को प्रति व्यक्ति एक से ज्यादा लाइटर या माचिस ले जाने पर भी रोक लगा दी है।

# ब्रिज बिजलेंस के संरक्षक बने राजा बुन्देला



**ललितपुर।** ब्रिज बिजनेस चैंबर्स इंडस्ट्री फेडरेशन ने अपने बढ़ते कदमों में एक कदम और जोड़ा है। अब ब्रिज के लिए प्रथम संरक्षक के रूप में राजा बुंदेला का नाम जुड़ गया है। राजा बुंदेला एक प्रसिद्ध फिल्म, थिएटर, निर्देशक, अभिनेता और टीवी कलाकार और नेशनल फेडरेशन ऑफ न्यू स्टेट्स (एनएफएनएस) के महासचिव हैं। वह वर्तमान में बुंदेलखण्ड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष, फिल्म विकास बोर्ड के सदस्य और बुन्देलखण्ड मुक्ति मोर्चा (स्थापना 1988) के अध्यक्ष हैं। राजा बुंदेला को कला में उनके योगदान के लिए कई पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। इनमें प्रथा के लिए क्रिटिक्स अवॉर्ड, बेस्ट एक्टर यूपी फिल्म्स, नेशनल फेडरेशन ऑफ यूथ अवॉर्ड उल्लेखनीय हैं। बुंदेलखंड एकेडमी ऑफ सिनेमा, कल्चर एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स (बी.ए.सी.सी.पी.ए.) के संस्थापक, स्वशासन (स्वराज) के अधिकार की मांग करने वाले बुंदेलखंड के 50 मिलियन लोगों के नेता के रूप में राजा बुंदेला की पहचान है। इस बात की पुष्टि ब्रिज बिजनेस चैंबर्स इंडस्ट्री फेडरेशन के संस्थापक निदेशक पी.टेकवानी ने आज सभी सोशल मीडिया के माध्यम से की। बताया कि ब्रिज बिजलैंस चैम्बर के लिए राजा बुंदेला का संरक्षक बनना गर्व का विषय है।

# गांजा सहित पुलिस ने किया एक को गिरफ्तार

**बानपुर (ललितपुर)।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के पर्वेक्षण में व क्षेत्राधिकारी महरौनी रक्षपाल सिंह के नेतृत्व में थाना बानपुर पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति झोला मे अवैध गांजा लिये हसरैयन तिराहा ललितपुर रोड पर खडा है। जो कही जाने की फिराक मे है व किसी वाहन



का इंतजार कर रहा है। सूचना पर थानाध्यक्ष बानपुर राजपाल सिंह मय हमराह पुलिस बल के तत्परता से घेराबन्दी करते हुए अभियुक्त मल्लू उर्फ मलखान पुत्र नाथूराम कुशवाहा उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम खिरिया लटकन्जू थाना महरौनी जनपद ललितपुर को गिरफ्तार किया गया जिस के पास से एक किलो तीन सौ ग्राम अवैध गांजा प्राप्त हुआ। इस सम्बन्ध में धारा 8/20 एनडीपीसी एक्ट पंजीकृत किया गया। विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त को नियमानुसार न्यायालय भेजा गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष बानपुर ने बताया कि उक्त व्यक्ति का आपराधिक रिकार्ड है व उक्त व्यक्ति के खिलाफ महरौनी कोतवाली व थाना बानपुर में पूर्व से ही मुकदमे लिखे जा चुके हैं। उक्त अपराधी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में राजपाल सिंह थानाध्यक्ष बानपुर, उपनिरीक्षक अनिल कुमार, उपनिरीक्षक मनोज खान थाना बानपुर, हे.का. रमेशचन्द्र, हे.का. संजय सिंह थाना बानपुर शामिल रहे।



# लस्ट स्टोरीज के साथ कृति सैनन ने छोड़ी ये फिल्में भी



**तेलुगु** फिल्मों से करियर शुरू करने वाली कृति सैनन ने बॉलीवुड में टाइगर श्रॉफ के साथ हीरोपंती में डेब्यू किया. तब से उनका करीब नौ साल पुराना करियर आदिपुरुष तक आ चुका है. इस दौरान करीब डेढ़ दर्जन फिल्में करने वाली कृति सैनन ने यूं तो कई फिल्मों को इंकार किया है, लेकिन करीब आधा दर्जन ऐसी हैं, जिनमें उनके साथ बॉलीवुड के बड़े सितारे थे. ये फिल्में बनीं. रिलीज हुईं. कुछ हिट रही और कुछ फ्लॉप. एक नजर डालिए उन फिल्मों पर, जिनमें कृति ने अक्षय कुमार और कार्तिक आर्यन से लेकर अर्जुन कपूर के साथ काम करने से इंकार किया.

सिंह इज ब्लिंग (2015): अक्षय कुमार की इस फिल्म के लिए पहले कृति सैनन को लिया गया था. मगर प्रोजेक्ट रुक-रुक कर बढ़ रहा था. आखिरकार कृति फिल्म से अलग हो गईं और उनकी जगह मॉडल से अभिनेत्री बनी एमी जैक्सन फिल्म में आईं. बाद में सैनन ने हाउसफुल 4 और बच्चन पांडे में अक्षय के अपोजिट काम किया.

हाफ गर्लफ्रेंड (2017): हाफ गर्लफ्रेंड के निमार्ता कृति सेनन को अर्जुन कपूर के साथ कास्ट करना चाहते थे, लेकिन फिर डेट्स की समस्या आ गई. कृतिने बाद में कहा मेरा मकसद हर उस प्रोजेक्ट को 100 प्रतिशत देना होता है जो मैं साइन करती हूं. फिल्म हिट हुई. कृति को नुकसान हुआ.

लस्ट स्टोरीज (2018): करण जौहर अपने कॉफी शो के सातवें सीजन में खुद बताया था कि लस्ट स्टोरीज में वह पहले कियारा आडवाणी की जगह कृति सैनन को ले रहे थे. दोनों की बात हुई. करण ने बताया कि बाद में कृति ने उनसे कहा कि मेरी मां ने इस फिल्म की इजाजत नहीं दी है. इस फिल्म में कियारा का एक सीन काफी चर्चित हुआ था. उसने कियारा की लोकप्रियता में काफी इजाफा किया.

मलंग (2020): निर्देशक मोहित सूरी की इस एक्शन थ्रिलर मलंग में दिशा पटानी नहीं बल्कि कृति सैनन पहली पसंद नहीं थीं. मगर उन दिनों कृति हाउसफुल 4 और पानीपत को हां कर चुकी थीं. उनके पास डेट्स समस्या थी. आखिरकार उन्हें फिल्म को ना कहना पड़ा.

धमाका (2021): 2013 की दक्षिण कोरियाई फिल्म द टेरर लाइव के इस हिंदी रीमेक में कृति सैनन डील में थीं. मगर अज्ञात कारणों से वह इस प्रोजेक्ट से बाहर हो गईं. तब निमार्ताओं ने इस ओटीटी फिल्म में पत्रकार की मुख्य भूमिका निभाने के लिए कार्तिक आर्यन को चुना.हसीन दिलरुबा (2021): निमार्ता-निर्देशक आनंद एल राय ने 2021 में आई इस ओटीटी फिल्म के लिए कृति सैनन से बात की थी. शुरूआत में हां कहने के बाद कृति सैनन ने फिल्म में बोल्ड दृश्यों के कारण इससे दूरी बना ली. तापसी पन्नू ने तब फिल्म में एंट्री ली. फिल्म को दर्शकोंने पसंद किया और अब इसका सीक्वल बन रहा है.

# ब्लाइंड ऑफिसर के रोल में नजर आएंगी सोनम, 7 जुलाई को रिलीज होगी फिल्म

**लंबे** ब्रेक के बाद सोनम कपूर जल्द ही फिल्म ब्लाइंड में दिखाई देंगी। फिल्म के डायरेक्टर शोम मखीजा हैं। फिल्म में सोनम के अलावा लूसी आर्देन और शुभम सराफ भी नजर आएंगे। फिल्म 7 जुलाई को जिओ सिनेमा पर रिलीज होगी।

फिल्म में सोनम एक ऐसे पुलिस ऑफिसर के रोल में हैं जिनकी आंखों की रोशनी जा चुकी है। इसके बावजूद फिल्म में सोनम एक सीरियल किलर का पीछा करती नजर आएंगी। फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया है कि सोनम स्पेशली एबल्ड हैं।



आंखों से न देख पाने के बाद भी सोनम अपने आस-पास मौजूद किसी भी इंसान के बारे में अपनी बाकी इन्द्रियों के जरिए काफी कुछ पता लगा लेती हैं। फिल्म में सोनम काफी स्ट्रॉंग का कैरेक्टर में नजर आएंगी। ट्रेलर में सोनम के लुक को काफी पसंद किया जा रहा है।

फिल्म ब्लाइंड 2011 में आई कोरियन फिल्म ब्लाइंड पर बेस्ड है। फिल्म में सोनम कपूर के अलावा पूरब कोहली, विनय पाठक और लिलेट दुबे भी दिखेंगे। फिल्म की शूटिंग स्कॉटलैंड के ग्लासगो में हुई है।

कोविड-19 के दौरान सोनम कपूर लंदन शिफ्ट हो गई थीं। 2019 से सोनम कपूर एक्टिंग ब्रेक पर हैं। उन्होंने 2020 में विक्रमादित्य मोटवाने की फिल्म ऐके वर्सेस ऐके में कैमियो रोल किया था। इस फिल्म में उनके पिता अनिल कपूर, भाई हर्षवर्धन कपूर और फिल्ममेकर अनुराग कश्यप भी थे।





# एक्ट्रेस अनन्या पांडे को लेकर अफवाह, शादी की प्लानिंग को लेकर तोड़ी चुप्पी

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस अनन्या पांडे और एक्टर आदित्य रॉय कपूर काफी लंबे समय से अपने रिलेशनशिप को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। दोनों को पहली बार साथ में कृति सेनॉन की दिवाली में देखा गया था। तभी से दोनों के रिलेशनशिप में होने की खबरें सामने आई थीं। इसके बाद आदित्य रॉय कपूर और अनन्या पांडे को कई इवेंट्स में साथ में देखा गया। डेटिंग की अफवाहों के बीच अनन्या पांडे ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपनी शादी की प्लानिंग को लेकर चुप्पी तोड़ी है। अनन्या पांडे से जब उनकी शादी की प्लानिंग को लेकर पूछा गया तो एक्ट्रेस ने कहा कि वह शादी के लिए अभी बहुत छोटी हैं। अनन्या पांडे ने आगे कहा कि फिलहाल शादी को लेकर उनकी अभी कोई प्लानिंग नहीं है। अनन्या पांडे ने यह क्लियर कर दिया है कि शादी को लेकर उनकी अभी कोई प्लानिंग नहीं है और वो अपने करियर पर फोकस करना चाहती हैं।

वर्कफ्रंट की बात करें तो अनन्या पांडे फिलहाल अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट की शूटिंग के लिए दिल्ली में हैं। अनन्या पांडे जल्द ही ड्रीम गर्ल 2 में आयुष्मान खुराना के साथ नजर आएंगी। इसके अलावा एक्ट्रेस के पास सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ खो गए हम कहां और विक्रमादित्य मोटवानी का एक धांसू प्रोजेक्ट भी है। अनन्या पांडे को आखिरी बार फिल्म लाइगर में देखा गया था, जो बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी। फिल्म में विजय देवरकोंडा लीड रोल में थे।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com .